**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 22-09-2025**

- **डीआईजी बस्ती के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत रेंज पुलिस द्वारा चलाया गया व्यापक अभियान।**

आज दिनांक 22.09.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी के निर्देशन मे रेंज के जिलो द्वारा माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा एक माह के लिए संचालित अभियान "मिशन शक्ति 5" के अंतर्गत प्रदेशभर में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया जिसका विवरण निम्नवत है-

**जनपद बस्ती**

जनपद बस्ती के थानों पर गठित महिला पुलिस टीम/शक्ति दीदी/एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बस स्टेशन, बाजार, विद्यालय व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कर महिलाओ व छात्राओं से संवाद स्थापित किया गया। उन्हें गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा एवं महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर—1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 आदि के संबंध मे विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**जनपद संतकबीरनगर**

जनपद संत कबीरनगर की महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति दीदी द्वारा गांव, कस्बों, स्कूल-कॉलेज व सार्वजनिक स्थानों पर चौपाल एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों, कानूनी प्रावधानों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पम्पलेट वितरित किए गये तथा हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया।

**जनपद सिद्धार्थनगर**

जनपद सिद्धार्थ नगर की महिला बीट पुलिस अधिकारियो द्वारा महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा उपायों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। शारदीय नवरात्र को दृष्टिगत रखते हुए मंदिरों, धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु महिला पुलिस बल की तैनाती की गयी तथा एंटी रोमियो टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त करने व आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया।।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**